प्रेस विज्ञप्ति

प्रौद्योगिक महाविद्यालय, पंतनगर एवं उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मध्य विश्वविद्यालय परिसर में आपदा प्रबंधन पर एक "तकनीकी प्रदर्शन इकाई" स्थापित किए जाने पर कुलपति गो0ब0पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 01 अक्टूबर, 2021 को एक एम0ओ0यू0 (समझौता ज्ञापन) हस्ताक्षरित किया गया। एम0ओ0यू0 पर महाविद्यालय की ओर से अधिष्ठाता डा0 अलकनंदा अशोक एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से श्री सविन बंसल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

एम0ओ0यू0 के कियान्वन के फलस्वरूप उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रौद्योगिक महाविद्यालय के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में अपनी "तकनीकी प्रदर्शन इकाई" स्थापित करेगा जहां पर लोगों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के साथ ही साथ विभिन्न उच्च एवं नवीनतक तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस हेतु केन्द्र पर नवीनतम उपकरणों से युक्त प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी।

इस केन्द्र पर बनाई जाने वाली लैबों एवं उनमें उपलब्ध नवीनतम तकनीकी उपकरणों के माध्यम से प्रौद्योगिक महाविद्यायल के सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग सहित अन्य ब्रांचों के एम0टैक एवं पी0एचीडी0 छात्रों हेतु भूकंप रोधी भवनों के निर्माण हेतु नए मॉडल तैयार करना, भूकंप की पूर्व चेतावनी तकनीक आदि पर शोध कार्य की नई संभावनाएं खुलेंगी। प्रौद्योगिक महाविद्यालय राज्य सरकार की इकाईयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए राज्य की परिस्थितिकी एवं भूकंपसंवेदनशीलता के दृष्टिगत समग्र रूप से शोध एवं विकास कार्य कर तकनीकों के विकास में अपना सहयोग प्रदान करेगा।

इसके अतिरिक्त बी0टैक के छात्रों को भी आपदा प्रबंधन से जुड़ी नवीनतम तकनीकों का ज्ञान हो सकेगा।